# शनिदेव को पूजूँ बारम्बार | By Saral Pankaj Aggarwal

हाथ जोड़ मैं शनिदेव को पूजू बारम्बार
मैं तो पूजू बारम्बार......
न्याय के स्वामी हैं ये,झुकता सारा संसार

शनिदेव का रूप बड़ा विकाराल है
शिंगणा पुर में जन्मा माँ का लाल है
श्याम वरण है रूप शनि का दिन है शनिवार
दिन है शनिवार........
न्याय के स्वामी हैं ये, झुकता सारा संसार

सूरज के ये पुत्र तपस्वी ज्ञानी है
छाया सुत की जग ने महिमा जानी है
शनिवार को ज्योत जगाने से होता उद्धार
होता है उद्धार ......
न्याय के स्वामी हैं ये, झुकता सारा संसार

नवग्रहों में इनकी महिमा न्यारी है
कुदृष्टि से डरती दुनिया सारी है
सच्चे प्रेमी सब तर जाते झूठों को फटकार
झूठों को फटकार.........
न्याय के स्वामी हैं ये, झुकता सारा संसार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%b5-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%aa%e0%a5%82%e0%a4%9c%e0%a5%82%e0%a4%81-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-sa/